# जर्जर स्कूल भवन व स्मार्ट मीटर का विरोध, सौंपा ज्ञापन

**डूंगरपुर, (निसं)।** कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को स्कूलों के जर्जर भवनों और स्मार्ट मीटर के विरोध में रैली निकाली। प्रदर्शनकारी विधायक गणेश घोघरा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट तक पहुंचे।

कांग्रेस प्रधान कांता कोटेड के नेतृत्व में कार्यकर्ता पहले विधायक गणेश घोघरा के निवास पर एकत्रित हुए। वहां से रैली शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। विधायक गणेश घोघरा ने कहां कि

■ कांग्रेस ने निकाली रैली,कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया

डूंगरपुर जिले में अधिकतर सरकारी स्कूलों के भवन जर्जर अवस्था में हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यहां भी झालावाड जैसा हादसा हो सकता है।

उन्होंने मांग की कि सरकार जर्जर भवनों को ध्वस्त कर नए भवनों की



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया।

स्वीकृति दें। विधायक ने स्मार्ट मीटर का भी विरोध किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी बहुल डूंगरपुर जिले में गरीब और अनपढ लोगों की संख्या अधिक है। ऐसे लोग अपने मोबाइल तक रिचार्ज नहीं कर पाते, तो स्मार्ट मीटर का रिचार्ज कैसे करेंगे। इससे उन्हें परेशानी का सामना करना पडेगा। ज्ञापन में डूंगरपुर जिले के जर्जर स्कूल भवनों को गिराकर नए भवन बनाने और आदिवासी उपयोजना क्षेत्र (टीएसपी) में स्मार्ट मीटर न लगाने की मांग की गई है।

## सार-समाचार

### पटवार संघ ने तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**कपासन, (निसं)।** स्थानीय पटवार संघ ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन राजस्थान पटवार संघ, जिला शाखा चित्तौड़गढ़ की महासमिति बैठक के बाद तैयार किया गया था। पटवार संघ अध्यक्ष विकास गौड़ ने बताया कि ज्ञापन तहसीलदार मोहम्मद नासिर बेग मिर्जा को सौंपा गया। पटवारियों की पहली मांग है कि 1 अगस्त 2025 से शुरू होने वाली डीसीएस गिरदावरी अवधि में उन्हें अनावश्यक मीटिंग्स से मुक्त रखा जाए। नियमानुसार इस अवधि में तकनीकी सहायता के अतिरिक्त अन्य मीटिंग्स और कार्यक्रम निषिद्ध हैं। वर्तमान में लघु सिंचाई गणना और अतिक्रमण रिपोर्ट जैसे अन्य कार्य भी चल रहे हैं। संघ का कहना है कि पटवारियों को गिरदावरी कार्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अन्य कार्यों से मुक्त रखा जाए।दूसरी मांग विभागीय टैबलेट के चार्ज की स्थिति स्पष्ट करने से संबंधित है। यह स्पष्ट नहीं है कि टैबलेट हलके के चार्ज में माने जाएंगे या व्यक्तिगत। इन उपकरणों की गुणवत्ता और लागत सीमित होने के कारण स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है। तीसरी मांग रबी संवत 2081 के दौरान कार्यरत सर्वेयरों के लंबित भुगतान को लेकर है। भुगतान न होने के कारण नए सर्वेयर काम करने से इनकार कर रहे हैं। संघ ने शीघ्र भुगतान की मांग की है। चौथी मांग डीसीएस गिरदावरी एप की तकनीकी खामियों में सुधार से जुड़ी है। वर्तमान एप धीमी, त्रुटिपूर्ण और अव्यवहारिक बताई गई है। इससे प्रतिदिन सीमित खसरों की ही गिरदावरी हो पा रही है। संघ ने एप को अधिक तेज, सरल और कार्यक्षम बनाने का अनुरोध किया है। पटवार संघ ने इन सभी मुद्दों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर पटवार संघ अध्यक्ष विकास गौड़, पटवारी पंकज भर्रा, भरत सुंडवा, कविता शर्मा, कृष्णपाल यादव, धर्मेंद्र मीणा, अशोक सुथार और दीपेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### आरंभ-2025 के साथ नवीन सत्र शुरु

**बांसवाड़ा, (निसं)।** लीयो कॉलेज में नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत प्रेरणादायक और उत्साहपूर्ण वातावरण में इंडक्शन कार्यक्रम आरंभ-2025 के माध्यम से हुई। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें कॉलेज के शैक्षणिक, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों से परिचित कराना रहा। मुख्य अतिथि जनजातीय विश्वविद्यालय के डेप्युटी रजिस्टार एवं नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के टास्क फोर्स प्रभारी प्रो राजेश जोशी ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में जीवन मूल्यों की प्रतिष्ठा के साथ ही प्रत्येक विद्यार्थी को एक श्रेष्ठतम इंसान और उत्तरदायी नागरिक बनाने की क्षमता विद्यमान है। उन्होंने वर्तमान समय के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई के दौर में भी नेचुरल इंटेलिजेंस एनआई के प्रभुत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ईश्वर प्रदत्त हमारी बौद्धिक क्षमता में वर्तमान समय की कृत्रिम बौद्धिकता को भी नियंत्रित करने और राह दिखाने का सामर्थ्य विद्यमान है। उन्होंने नव प्रवेषित विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे नवीन शिक्षा नीति में समाहित दूरगामी परिणाम परक विलक्षणताओं का अध्ययन करे।

### 4 किलो केरी बेग किया जब्त

**डूंगरपुर, (निसं)।** नगर परिषद सभापति अमृत कलासुआ और आयुक्त प्रकाश डूडी के निर्देशन में टीम परिषद ने शहर में अवैध पॉलीथिन को लेकर कार्यवाही की। सोमवार को टीम परिषद ने शहर के विभिन्न ठेले वालों और दुकानदारों के वहा से अवैध पॉलीथिन कैरी बैग जब्त किए। टीम ने कार्यवाही करते हुए 4 किलो कैरी बैग जब्त कर 700 रुपए जुर्माना वसूला ठेले वालों और दुकानदारों को अवैध कैरी बैग उपयोग न करने पाबंद किया साथ ही अगली बार कार्यवाही में कैरी बैग मिलने पर स्पॉट फाइन वसूलने हेतु कहा। सभापति अमृत कलासुआ ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि अवैध पॉलीथिन जहर के समान है,इसका उपयोग मनुष्य और पशुओं दोनों के लिए हानिकारक है, शहरवासी स्वयं जागरूक बने और इसका उपयोग न करें। कार्यवाही के दौरान मांगीलाल जमादार,अमन जमादार एवं परिषद् के कार्मिक मौजूद रहे।

### कंसारा समाज की अनूठी पहल

**बांसवाड़ा, (निसं)।** आने वाली पीढ़ी का सनातन संस्कृति से जुड़ाव और समाज से लगाव के उद्देष्य को लेकर शहर के कंसारवाडा स्थित महाकाली मंदिर में कंसारा समाज ने अनूठी पहल करते हुए प्रत्येक रविवार को माताजी के गरबे और भजन का आयोजन षुरू किया है। समाज अध्यक्ष प्रवीण कंसारा की इस पहल का सकारात्मक प्रभाव दिख रहा है। प्रत्येक रविवार को समाज की महिलाएं, पुरुष एवं युवा एवं किषोर बडी संख्या में एकत्र होते है। गायक एवं संगीतकार शुभम् कंसारा व सहयोगी रवि कंसारा ने बताया कि यह आयोजन प्रत्येक रविवार को रात 8 बजे किया जाता है जिसमें माताजी के गरबे, भजन, भोग और महाआरती का आयोजन किया जाता है। जिसमें मुख्य गायक के रूप में शुभम् कंसारा, रवि कंसारा, जयेश कंसारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाती हैं, वाद्य यंत्रों पर अश्विन कंसारा, विमल कंसारा, तुषार कंसारा, लक्ष्मीकांत कंसारा का सहयोग प्राप्त होता है।

### बैठक का आयोजन

**डूंगरपुर, (निसं)।** राज्य निर्वाचन आयोग जयपुर के निर्देशानुसार पंचायतीराज संस्थाओं के जिला परिषद वार्ड नम्बर ०9 पीठ एवं पंचायत समिति सदस्य के रिक्त पदों के उपचुनाव 2025 की तैयारी निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी विभाग के प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारियो के साथ उप चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जानकारी ली। जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह ने सभी प्रकोष्ठ प्रभारी से रेंडमाइजेशन, फोटोग्राफर वीडियोग्राफर, सुरक्षा व्यवस्था, ट्रेनिंग व्यवस्था, प्रशिक्षण स्थल मतगणना प्रशिक्षण स्थल, स्टोर प्रकोष्ठ, मतदाता सूची, बैलेट पेपर, तथा उपचुनाव में नियुक्त कार्मिकों की जानकारी ली।

## प्रतिक जैन बने जिलाध्यक्ष

**डूंगरपुर, (निसं)।** राजस्थान एकाउंटेंट्स एसोसिएशन का स्नेह मिलन द्वि-वार्षिक चुनाव कार्यक्रम अटल बिहारी सामुदायिक भवन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिले में नव पद पदस्थापित 7० कनिष्ठ लेखाकारों का भी अधीनस्थ लेखा संवर्ग में चयन उपरान्त पदस्थापन पर स्वागत कर मोमेंटो, उर्पणा ओढाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोषाधिकारी एन.आर.विश्नोई व परियोजना अधिकारी लेखा छननसिंह इन्द्रा थे। जब कि विशिष्ठ अतिथि लेखा सेवा के सेवानिवृत अधिकारी सुदर्शन जैन, नवनीत श्रीमाल व अशोक जैन सागवाडा उपस्थित रहे।

# 51 कुंडीय हवन में मातृ शक्ति देंगी आहुतियां

**डूंगरपुर।** श्री पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज की महिला मण्डल की ओर से अष्टमी व्रत उद्यापन दो दिवसीय कार्यक्रम पांच अगस्त से शुरू होगा कार्यक्रम को लेकर समाज की ओर से तैयारियां जोरशोर से की जा रही है।

महिला मण्डल सदस्य हंसा टेलर ने बताया कि समाज की 154 महिलाओं की ओर से अष्टमी व्रत किया जा रहा था। इसका उद्यापन कार्यक्रम पांच अगस्त से शुरू होगा। पांच अगस्त को सुबह नौ बजे वागड गांधी वाटिका हॉल के समीप डोम में आचार्य रामचंद्र महाराज के सानिध्य में देव पूजा, कलश स्थापना, ब्राह्मणा वरण, देवी में होगी। दोपहर दो बजे हवन कार्यक्रम अशुरू होगा और चार बजे पूर्णाहुति होगी। शाम साढे चार बजे महाआरती व छह बजे महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। वहीं, दुसरे दिन छह अगस्त नौ बजे मंगलेश्वर महादेव मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो पुराने बस हॉस्पीटल, सोनिया चौक,माणक चौक होते हुए श्रीनाथ मंदिर पहुंचकर समापन होगी। इसके बाद दोपहर एक बजे महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।संयोजक लोकेश चौहान ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर समाज की ओर से तैयारियों जोर-शोर से की जा रही है। तैयारियों को लेकर वागड गांधी वाटिका हॉल के समीप एक डोम तैयार किया जा रहा है। लोकेश ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर समाजध्यक्ष महेश टेलर संरक्षक देवीलाल पंवार,उपाध्यक्ष लालचंद पंवार, ईश्वरलाल टेलर के निर्देशन में समिति का गठन किया गया।

# विधायक उदयलाल डांगी ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

**भीण्डर, (निसं)।** वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी ने सोमवार को भीण्डर पंचायत समिति सभागार में समस्त पंचायतों के ग्रामीणों की जनसुनवाई की। इस दौरान कुंथवास से पहुंचे एक 75 वर्षीय बुर्जुग ने कहा कि पटवारी काम करने के पैसे मांगता है। इस पर विधायक ने उपखण्ड अधिकारी को जांच करके पटवारी के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये। इसके अलावा विभिन्न समस्याओं को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देकर ग्रामीणों को राहत देने की कोशिश की।

वल्लभनगर विधायक उदय लाल डांगी ने भीण्डर पंचायत समिति की 29 ग्राम पंचायतों की पंचायतवार ठामीणों को बुलाकर समस्याएं सुनी। सुबह 11 से शाम 6 बजे तक चली जनसुनवाई में हर ग्राम पंचायत के ग्रामीणों से समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में ग्राम पंचायत कुण्डई के ग्रामीणों ने चरनोट भुमि पर अतिक्रमण की शिकायत, धारता के ग्रामीणों ने प्रशासक अपने चहेतों को सरकारी भूमि पर अतिक्रमण



भीण्डर पंचायत समिति सभागार में जनसुनवाई करते हुए वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी।

करवा रहा हैं और आने जाने का रास्ता भी बंद कर दिया है। इस पर तुरंत निर्देश देकर रास्ता खुलवाने के लिए मौके पर टीम भेजी और रास्ता खुलवाया गया। वाणियातलाई के ग्रामीणों ने संपर्क सड़कों पेरवीकरण करवाने और सड़कों के पास झाड़ियों को हटाने की बात कही, जिस पर विधायक डांगी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के एईएन को निर्देशित करते हुए कहा कि भींडर ब्लॉक क्षेत्र में जितनी भी पीडब्ल्यूडी की सड़कें हैं, सभी सड़कों के पास से झाड़ियों को हटाने के टेंडर प्रक्रिया को जल्द पूरा कर कार्य शुरू किया जाए व पेरवीकरण की सड़कों की सर्वे कर प्रस्ताव भेजा जाए। सवना ग्राम पंचायत से पहुंचे ग्रामीणों ने भी अतिक्रमण की शिकायत की जिस पर भींडर उपखंड अधिकारी को हटाने के निर्देश दिए, वहीं सवना से पहुंची होमली रावत पत्नी भीमा रावत ने विधायक के समक्ष समक्ष गुहार लगाई कि उनके पति का स्वर्गवास हो गया है, और उनका बेटा आंखों से अंधा है,जिस पर विधायक डांगी ने भींडर बिडिओ को निर्देश दिए की होमली रावत को प्रधानमंत्री आवास दिलाने के साथ सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिया जाए।

सालेड़ा द्राम पंचायत से पहुंचे ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा विसीआर बनाने की धमकी देने व रूपए मांगने का आरोप लगाया, जिस पर विधायक डांगी ने सहायक अभियंता विजिलेस उदयपुर रामकेश मीणा से दुरभाष पर चर्चा करते हुए, कहा कि आपके विभाग के अधिकारियों द्वारा हमारे वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र में आमजन परेशान किया जा रहा है, और विसीआर बनाने की धमकी देने व रूपए मांगे जा रहे है।

## सार-समाचार

### अभियान की प्रगति की समीक्षा की

**बांसवाड़ा, (निसं)।** प्रताप सर्कल स्थित होटल में कोल्डचैन हैंडलर्स एवं सेक्टर एलएचवी की मासिक समीक्षा बैठक में नियमित टीकाकरण एवं पल्स पोलियो अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। सीएमएचओ डॉ. खुषपाल सिंह राठौड़ ने कहा कि वर्तमान समय में ऑफलाइन किए गए कार्यों को संबंधित पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य है। यदि काम पोर्टल पर अपडेट नहीं होता, तो वह विभागीय गिनती में शामिल नहीं माना जाता। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी अपने कार्य को ईमानदारी से पोर्टल पर दर्ज करें, क्योंकि इन कार्यों की निगरानी केंद्र सरकार भी पोर्टल के माध्यम से करती है। जिला शिशु एवं प्रजनन अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार भाबोर ने कहा कि प्रोटोकॉल के अनुसार टीकाकरण रिकॉर्ड संधारण करने और लाभार्थियों की जानकारी युवीन पोर्टल पर समय पर दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कोल्डचौन पॉइंट पर रखरखाव एवं टीका वितरण प्रोटोकॉल के अनुसार करने पर बल दिया। जापाईगो से लोकेश शर्मा ने प्रतिभागियों को एमएसवी लिंक की प्रक्रिया और उसके महत्व के बारे में जानकारी दी। वहीं डॉ. अक्षय व्यास ने टीकाकरण में आ रही खामियों की समीक्षा की और उन्हें शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राहुल डिंडोर ने कहा कि फील्ड में कार्यरत कार्मिकों को किसी भी समस्या का समाधान तुरंत किया जाएगा। साथ ही, सत्र स्थल पर उपस्थित लाभार्थियों की फोटो, नाम और स्थान का सही रिकॉर्ड रखने के निर्देश भी दिए।

### बंद दुकानें खुलवाने की मांग

**बांसवाड़ा, (निसं)।** भारत आदिवासी पार्टी कुशलगढ़ के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी कुशलगढ़ को ज्ञापन दिया गया। जिसमें बताया कि खाद्य की वास्तविक दर से अधिक 350-400 लेने पर व्यापारियों ने खाद्य की दुकानें बंद करवा दी थी। इन लोगों ने बताया कि दुकान बंद होने से कृशकों को परेषानियों का सामना करना पड़ रहा है अतः दुकाने खुलवाकर खाद्य उपलब्ध कराई जाये। इन लोगों ने चेताया कि अगर दो दिन में दुकानें नहीं खुलती है तो उपखंड कार्यालय के आगे धरना प्रदर्षन किया जायेगा। ज्ञापन देने वालों में चुनाव प्रभारी देवचदं मईडा, जसवंतसिंह भाभोर, जिला सदस्य महिपाल डामोर, ब्लॉक अध्यक्ष राहुल डिंडोर, आरक्षण मोर्चा संयोजक कमलेश खड़िया, विद्यार्थी मोर्चा संयोजक प्रीतेश डामोर, दिपक कटारा, विद्यार्थी मोर्चा जिला प्रचारक फतेसिंग भूरिया, सहसंयोजक विजयपाल अड़, वीसीसी प्रभारी भगतपुरा शंकरलाल कटारा, राकेश कटारा, शरद कटारा, सुनिल कटारा, कैलाश डामोर, नटवरलाल कटारा, भद्रेश कटारा, भरतु भाई, लवजी भाई, ललित प्रमुख रहे।

### शिविर में 10 यूनिट रक्तदान

**डूंगरपुर, (निसं)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुनाली में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अलंकार गुप्ता, श्रीमान चिकित्सा अधिक्षक डॉ महेन्द्र डामोर, श्रीमान अति.चिकित्सा अधिक्षक डॉ कोस्तुभ सिंह,अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डूॅगरपुर डॉ.विपीन मीणा, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ वन्दना सिंघल ब्लड सेन्टर एवं ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.वैभव परमार के निर्देशानुसार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 10 युनिट रक्त एकत्रित किया गया।जिसमें वालजी प्रजापत्र, राजेन्द्र सिंह, चन्द्रवीर सिंह, करण सिंह, भरत यादव, महेन्द्र सिंह, अजयपाल सिंह, देवेन्द्रपाल सिंह, एवं सीएचसी स्टॉफ में इन्द्रजीत यादव व चिराग पाटीदार ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में सीनियर नर्सिंग ऑफीसर विमला परमार एवं अन्य स्टॉफ का और ब्लड बैक के डॉ.तुराब खुशनुद, प्रभारी मोहनलाल यादव जनसम्पर्क अधिकारी खुमानसिंह चौहान, लेब टेक्निशियन हितेश नाई, ममता कटारा, वार्ड बॉय देवीलाल एवं वाहन चालक मुकेश बलात ने सेवाये दी।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह के अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला परिषद के ईडीपी सभागार में किया गया। बैठक में जिला कलेक्टर सिंह ने 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर जिला डूंगरपुर में होने वाले राज्य स्तरीय आयोजन, जर्जर भवनों के सर्वे, 2 अगस्त से 15 अगस्त तक होने वाले हर घर तिरंगा कार्यक्रम, हरियालो राजस्थान सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।जिला कलेक्टर सिंह ने 9 अगस्त को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में टेंट, बैठक व्यवस्था, प्रदर्शनी, विभागीय स्टाल से लेकर सभी आवश्यक प्रबंध एवं कानून व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होंने बैठक में 2 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाले विभिन्न गतिविधियों के सुचारू संपादन हेतु निर्देश प्रदान किये। इसके साथ ही उन्होंने हरियालो राजस्थान के अंतर्गत हुए लक्ष्य अनुरूप पौधारोपण कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों के द्वारा राजकीय कार्यालय एवं भवनों के किए गए सर्वे की ब्लॉक वार पूर्ण जानकारी सायं तक भिजवाने के निर्देश दिए। बैठक में पीएचईडी, एवीएनएल, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी , सहकारिता, राजीविका, टीएडी, नगर परिषद आदि अन्य विभाग वार हो रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए समीक्षा की।

### बैठक आज

**डूंगरपुर, (निसं)।**पंचायतीराज संस्थाओ के उप चुनाव अगस्त 2०25 - संख्यांक ०9 के नाम-निर्देशन पत्र संबंधी कार्य हेतु नियुक्त कार्मिको की बैठक 5 अगस्त 2025 को सांय 4.30बजे जिला कलक्टर कार्यालय के बैठक हॉल में जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) (कलक्टर) की अध्यक्षता में रखी गयी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश चन्द्र धाकड ने बताया कि बैठक में समस्त नाम निर्देशन प्रकोष्ठ में नियुक्त कार्मिक निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# जिला स्तरीय सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन

**बांसवाड़ा, (निसं)।** नीति आयोग, भारत सरकार की ओर से संचालित आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत रंगमंच में जिला स्तरीय सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जिला प्रमुख रेशम मालवीया, जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव, सज्जनगढ़ प्रधान रामचंद्र डिंडोर, अति. जिला कलक्टर अभिषेक गोयल, उपखंड अधिकारी, सज्जनगढ दिनेष कटारिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ खुषपाल सिंह

■ उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का किया सम्मान

राठौड, उपनिदेषक कृषि विभाग, डॉ दलीपसिंह यादव, राजीविका डीपीएम धनपतसिंह राव, महिला एवं बाल विकास विभाग के सीडीपीओं हर्षित कुमार बीसीएमओं डॉ निलेष सोनी और विकास अधिकारी जगनप्रसाद ओझा सहित जिला स्तरीय व सज्जनगढ़ ब्लॉक के अधिकारी मौजूद रहे। सम्मान समारोह में 4 जुलाई से 30 सितंबर 2024 तक नीति आयोग द्वारा निर्धारित 6 संकेतकों में से 5 संकेतकों को शत-प्रतिशत सेच्यूरेशन करने में योगदान देने वाले विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स को



जिला स्तरीय सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान करते जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव व जिला प्रमुख रेशम मालवीया।

सम्मानित किया गया। जिला प्रमुख रेशम मालवीया ने कहा कि सभी की लगन और मेहनत से सज्जनगढ़ ब्लॉक को यह मुकाम हासिल हुआ है इसके लिए सभी को बधाई।

पिछड़ा क्षेत्र होने के बावजूद सज्जनगढ़ ब्लॉक ने उल्लेखनीय कार्य करते हुए सभी टारगेट पूरे किए हैं। इसमें पांचो विभागों की पूरी टीम ने मिलकर अच्छा कार्य किया है।

उन्होंने सभी से सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन को दिलवाने का आह्वान किया। जिला कलक्टर डॉ इंद्रजीत यादव ने बधाई देते हुए कहा कि सभी की मेहनत की बदौलत सज्जनगढ़ ब्लॉक कई पैरामीटर में नेशनल एवरेज के बराबर और कुछ में तो नेशनल एवरेज से आगे निकल गया है।

स्वास्थ्य विभाग के पैरामीटर में राज्य स्तर से आगे है। आंगनबाड़ी के पैरामीटर में शत प्रतिशत सफलता हासिल की गई है। शिक्षा विभाग 60 प्रतिषत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों के मामले में पिछले साल जिले के एवरेज से भी पीछे था और अब राज्य के एवरेज से भी आगे निकल गया है यह सभी की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे ही मेहनत करते रहे व ओर बेहतर परिणाम हासिल करें। सज्जनगढ़ प्रधान रामचंद्र डिंडोर ने कहा कि अभियान के दौरान जिला कलक्टर और जिला स्तरीय अधिकारियों का लगातार मार्गदर्शन मिलता रहा इससे समस्याओं का समाधान हुआ और सज्जनगढ़ ब्लॉक को यह सम्मान प्राप्त हुआ है। अभियान के अंतर्गत राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री द्वारा जिला कलक्टर को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया जा चुका है।

## कृषक पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

**डूंगरपुर।** कृषि उन्नति योजना के कृषि विस्तार पर उपमिशन आत्मा योजनान्तर्गत वर्ष 2०25-26 में राज्य, जिला तथा पंचायत समिति स्तर पर विभिन्न कृषि उद्यनों के श्रेष्ठ कृषकों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस पुरस्कार के लिए प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर पांच कृषकों का चयन प्रत्येक गति विधियां अलग-अलग (1) कृषि (2) उद्यानिकी (3) पशुपालन एवं डेयरी (4) जैविक खेती (5) नवाचारी खेती गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों में से एक-एक कृषक का चयन किया जायेगा। इस प्रकार प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर कुल 5 कृषकों का चयन प्रत्येक गतिविधिवार किया जाएगा। पंचायत समिति स्तर पर चयनित कृषकों में से 10 सर्वश्रेष्ठ कृषकों को (प्रत्येक गतिविधि हेतु 2 सर्वश्रेष्ठ कृषक) जिला स्तर पर चयनित किया जायेगा तथा प्रदेश के समस्त जिलों से चयनित कृषकों में से राज्य स्तर पर 1० सर्वश्रेष्ठ कृषकों का (प्रथम एवं द्वितीय स्तर पर 5-5 कुल 10) चयन होगा। पुरस्कार हेतु प्रत्येक गतिविधिवार पंचायत समिति स्तर पर राशि 10,000 रूपये, जिला स्तर पर राशि 25,000 रूपये एवं राज्य स्तर पर राशि 50,000 रूपये देने का प्रावधान है। उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक परेश पण्ड्या ने बताया कि पंचायत समिति एवं जिला स्तर सम्मानित किये जाने वाले कृषकों का चयन जिला स्तरीय कमेटी द्वारा किया जायेगा।

# रक्तदान शिविर के बेनर-फोल्डर का विमोचन

**डूंगरपुर, (निसं)।** रक्षा-बन्धन ना सिर्फ भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक हैं,बल्कि आध्यात्मिक अर्थ में यह आत्मा और परमात्मा के धनिष्ट प्रेम का प्रतीक हैं। आत्मा जब विकारों के जाल में फँसती चली जाती हैं तब निराकार परमात्मा मनुष्य तन का आधार लेकर आत्माओं को इस विकारी संसार से पार ले जाने, उसकी विकारों से रक्षा करने का मार्ग प्रशस्त करते है।

रक्षाबन्धन के उपलक्ष्य में आयाजित

■ रक्तदान शिविर में रक्तदान करने के लिए किया आह्वान

कार्यक्रम में उक्त विचार राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी विजयलक्ष्मी दीदी ने राजयोग भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुत किये। साथ ही दीदी ने इस अवसर पर आगामी 24 अगस्त को ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में भाग लेकर अधिक से अधिक रक्तदान करने और अन्य को इस हेतु प्रेरित करने का आ ान किया। उक्त कार्यक्रम में सागवाडा विधायक भ्राता शंकरलाल डेचा, भाजपा के जिलाध्यक्ष भ्राता अशोक पटेल, नगरपरिषद डूंगरपुर के सभापति अमृतलाल कलासुआ, उपसभापति सुदर्शन जैन, भाजपा जिला महामंत्री पंकज जैन ने भी भाग लिया। सागवाडा विधायक भ्राता शंकरलाल डेचा ने इस अवसर अपनी शुभकानाएँ




राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी विजयलक्ष्मी दीदी ने राजयोग भवन में आयोजित कार्यक्रम पोस्टर का विमोचन करते।

देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज आध्यात्मिकता के क्षेत्र में मानव को देव मानव बनाने की उत्कृष्ठ सेवाए कर रही हैं। ब्रह्माकुमारीज परिवार द्वारा पूरे देश में अपनी श्रेणी में स्वच्छता के क्षेत्र में डूंगरपुर के प्रथम आने पर राष्ट्रपति महोदया के हाथो सम्मानित होने पर नगरपरिषद के सभापति और उपसभापति को सम्मानित किया। इस अवसर पर दीदी ने डूंगरपुर शहर की उत्तरोत्तर स्वच्छता के क्षेत्र में प्रगति की कामना व्यक्त की तथा सभापति एवं उपसभापति को उनकी मेहनत और लगन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

उपसभापति ने स्वच्छता के क्षेत्र में नगरपरिषद डूंगरपुर द्वारा किये जा रहे कार्यो का उल्लेख करते हुए सभी शहरवासियों को सम्मान समर्पित करते हुए उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। सभापति अमृतलाल कलासुआ ने ब्रह्माकुमारीज द्वारा दी जा रही शिक्षाओं की सराहना करते हुए कहा कि 2003 में दीदी के डूंगरपुर आगमन के बाद यह शहर निरन्तर स्वच्छता की दिशा में उत्तरोत्तर प्रगति करता गया। भाजपा जिलाध्यक्ष भ्राता अशोक पटेल ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज की शिक्षाओं को जीवन में धारण कर चलने से विषम और विकट परिस्थितियों में भी स्वयं पर नियन्त्रण रखते हुए सफलता प्राप्त होती है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहलीबार डूंगरपुर सेवा केन्द्र पर आने पर भ्राता अशोक पटेल का सम्मान किया गया।